संपादकीय

सुस्ती का सामना

देश के विकास की रफ्तार में लगातार आ रही कमी चिंता का विषय है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक जुलाई-सितंबर, 2019 की तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि की दर 4.5 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह लगातार छठी तिमाही है, जब जीडीपी के बढ़ने की दर में गिरावट आई है। गौरतलब है कि जीडीपी किसी खास अवधि के दौरान वस्तु और सेवाओं के उत्पादन की कुल कीमत है। भारत में कृषि, उद्योग और सर्विसेज तीन प्रमुख घटक हैं जिनमें उत्पादन बढ़ने या घटने के औसत के आधार पर जीडीपी दर तय होती है। पिछले कुछ समय से इन तीनों ही क्षेत्रों में भारी सुस्ती दिख रही है। इंडस्ट्री की ग्रोथ रेट 6.7 फीसदी से गिरकर सिर्फ आधा प्रतिशत रह गई है।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का तो बुरा हाल है जिसमें बढ़ोत्तरी की जगह आधे प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। कृषि क्षेत्र में वृद्धि की दर 4.9 से गिरकर 2.1 फीसदी और सर्विसेज की दर भी 7.3 फीसदी से गिरकर 6.8 ही रह गई है। मुश्किल यह है कि आम उपभोक्त ाओं ने हाथ बांध रखे हैं। लोग सामान नहीं खरीद रहे हैं, वे अपने रोजमर्रा के खर्च में कटौती कर रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे मांग पैदा हो नहीं रही है। कारोबारी दुविधा में हैं। कंपनियों को अपना प्रॉडक्शन कम करना पड़ रहा है। उनमें से कई अपने कर्मचारियों की छंटनी करने को मजबूर हो रही हैं।

दरअसल बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा न होने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्लोडाउन की खबरें आने, आवास प्रॉजेक्ट फंसने, पब्लिक सेक्टर की कई कंपनियों व बैंकों के संकट में पड़ने और कई वस्तुओं की बढ़ती महंगाई ने लोगों को आशंकाओं से भर दिया है। वे खरीदारी और निवेश से कतरा रहे हैं। हालांकि कई विशेषज्ञ मानते हैं कि अगली तिमाही से हालात सुधर सकते हैं। सरकार ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पिछले दिनों जो उपाय किए हैं, उनका असर अगली तिमाही से दिखना शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि सरकार ने विदेशी निवेशकों से सरचार्ज हटाया और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती की। ऑटो सेक्टर की बेहतरी के लिए घोषणाएं की गईं, संकटग्रस्त रीयल एस्टेट और नॉन बैंकिंग फाइनैंशल कंपनियों के लिए भी कदम उठाए गए। इन सबसे बाजार में सुधार की आशा है।

संभव है, बाजार में डिमांड बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक अगले हफ्ते फिर ब्याज दरें घटाए। मगर इन सबके साथ-साथ सरकार को जॉब मार्केट पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर लोगों को बड़े पैमाने पर नौकरी मिलनी शुरू हुई तो इससे आम उपभोक्त ाओं में विश्वास और उत्साह पैदा होगा। सरकार वक्त की नजाकत समझे। अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने के लिए वह दलीय भेदभाव भुलाकर सबको साथ ले और कुछ ठोस व कारगर फैसले करे। विपक्ष के लिए भी यह जिम्मेदारी दिखाने का मौका है। सरकार की आलोचना उसका अधिकार है, लेकिन सही मौके पर थोड़ी सकारात्मकता राष्ट्र का संबल बन जाती है।

एचडीएफसी की नेटबैंकिंग सेवा आज भी बाधित, ग्राहक परेशान

नई दिल्ली (आरएनएस)। एचडीएफसी बैंक के ग्राहक आज भी नेटबैंकिंग का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। सोमवार से ही नेटबैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग ऐप एक्सेस नहीं कर पाने की वजह से ग्राहकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। महीने की शुरुआत की वजह से लोग बिल पेमेंट और अन्य लेनदेन रुक जाने से परेशान हैं।

सोमवार को भी बैंक की नेटबैंकिंग सेवा घंटे बाधित रही थी। शाम 6.15 बजे एचडीएफसी बैंक ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर गड़बड़ी के बारे में अपने ग्राहकों को जानकारी दी थी। देर रात तक बैंक अपनी सेवाएं बहाल करने में नाकाम रहा था। एचडीएफसी ने ट्वीट किया, तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हमारे कुछ ग्राहक नेटबैंकिंग तथा मोबाइल बैंकिंग ऐप में लॉगइन नहीं कर पा रहे हैं। हमारे विशेषज्ञ इस गड़बड़ी को ठीक करने में लगे हुए हैं और हम आश्वस्त हैं कि जल्द ही सेवाएं बहाल कर ली जाएंगी।

इससे पहले जब एचडीएफसी बैंक ने अपना नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया था, तब भी ग्राहकों को कुछ इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। नए मोबाइल ऐप को लॉन्च करने के बाद पुराना वाला ऐप गूगल ऐप से हटा लिया गया था, जिसके कारण ग्राहकों को काफी परेशानी हुई थी।

भारत को सैग खेलों की 1500 मीटर दौड़ में चार पदक

काठमांडू । भारतीय एथलीटों ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों (सैग) में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां दशरथ स्टेडियम में पुरुष 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक सहित चार पदक जीते। भारत ने पुरुष 1500 मीटर में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के अलावा महिला 1500 मीटर में भी रजत और कांस्य पदक जीते। अजय कुमार सारो ने पुरुष 1500 मीटर में तीन मिनट 54.18 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अजीत कुमार ने तीन मिनट 57.18 सेकेंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया। नेपाल के तंका कार्की ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले भारत की चंदा (चार मिनट 34.51 सेकेंड) ने महिला 1500 मीटर में रजत जबकि उनकी हमवतन चित्रा पालाकीज (चार मिनट 35.46 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक श्रीलंका की उदा कुबुरालागे (चरा मिनट 34.34 सेकेंड) ने जीता। भारत छह स्वर्ण, 11 रजत और चार कांस्य पदक के साथ कुल 21 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर चल रहा है। मेजबान नेपाल कुल 28 पदक के साथ शीर्ष पर चल रहा है।

वैश्विक चिंताओं के बीच शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट से

नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक बाजारों की चिंता के बीच मंगलावार को स्थानीय शेयर बाजारों की शुरुआत गिरावट से हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 65.51 अंक यानी 0.16 प्रतिशत गिर कर 40,736.66 पर चल रहा था। नेशनल स्टॉक एसक्सचेंज का निफ्टी शुरू में 23.75 अंक यानी 0.20 प्रतिशत गिर कर 12,024.45 अंक पर था। वैश्विक बाजार अर्जेंटिना और ब्राजील के एल्यूमिनियम और इस्पात पर नए प्रशुल्क लगाने के अमेरिका के ताजा निर्णय से सहमा हुआ है।सोमवार को अमेरिका का वाल स्टीट बाजार गिर कर बंद हुआ। इसका असर मंगलवार को एशियायी बाजारों पर दिखा। हांगकांग, दक्षिण कोरिया, और चीने बाजारों में गिरावट का रुझान था। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बने रहने का भी निवेशकों के आत्मविश्वास पर प्रतिकूल प्रभाव है। वायदा बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 0.31 प्रतिशत बढ़ कर 61.11 डालर प्रति बैरल पर चल रहा था।

डालर के मुकाबले रुपया शुरू में आठ पैसे मजबूत

नई दिल्ली (आरएनएस)। रुपया मंगलवार को डालर के मुकाबले पिछले बंद के स्तर पर खुलने के बाद शुरु में तेजी पर था। निवेशकों को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए इस सप्ताह अपनी नितिगत ब्याज दर में और कटौती कर सकता है।अंतर-बैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपये की विनिमय दर पिछले बंद के स्तर 71.66 प्रति डालर पर खुली और शुरुआती कारोबार में आठ पैसे मजबूत हो 71.58 पर पहुंच गयी थी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्वैमासिक बैठक बंबई में हो रही है। इसके निर्णय पांच दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

अब जनरल डिब्बों में भी मिलेगी रिजर्व सीट

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे ने जनरल डिब्बे में यात्रा करने वाले मुसाफिरों की सुविधा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब जनरल डिब्बे में भी यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलेगी। रेलवे की इस नई शुरुआत के तहत आपकी सीट का नंबर आपके फोटो के साथ आपके वॉट्सऐप पर आ जाएगा। इससे प्लेटफॉर्म पर लंबी लाइनों के झंझट से तो छुटकारा मिलेगा ही साथ ही सीट को लेकर गड़बड़ी की आशंका भी कम हो जाएगी।

इस योजना की शुरुआत पूर्व-मध्य रेलवे के दानापुर मंडल ने पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में पूरब यानी पास फॉर अनरिजवर्ड बोर्ड नाम की एक योजना शुरू की है। वहीं रेलवे अब इसे पूरे देश में लागू करने पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत जनरल डिब्बों में अनारक्षित सीटों पर भी आपको कन्फर्म सीट मिल सकेगी। अनारक्षित टिकट देते वक्त ही यात्रियों को बोर्डिंग पास दिया जा रहा है।

इस टिकट को लेने के लिए जब आप ट्रेन के लिए रेलवे काउंटर से टिकट लेंगे तो साथ ही में ही एक पूरब का काउंटर बनाया गया है। यहां पर पहचान पत्र देखकर आपकी फोटो खींच ली जाएगी। इसके बाद आपके वॉट्सऐप नंबर पर डिजिटल टिकट आपको भेजी जाएगी, जिसमें आपकी फोटो लगी होगी।

सैग फुटबाल : भारतीय महिला टीम की मालदीव पर आसान जीत

पोखरा। बाला देवी के दो गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला फुटबाल टीम ने मंगलवार को यहां मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त देकर दक्षिण एशियाई खेल (सैग) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। बालादेवी ने दो गोल किये जबकि डेंगमेई ग्रेस, मनीषा और जाबमनी टुडु ने एक एक गोल दागा जिससे भारतीय टीम तीन अंक हासिल करने में सफल रही। ग्रेस ने पांचवें मिनट में ही भारत को बढ़त दिला दी थी जबकि बालादेवी ने 25वें और 33वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त मजबूत की। भारत मध्यांतर तक 3-0 से आगे था। भारतीय टीम ने अंतिम क्षणों में दो गोल दागकर अपनी जीत दमदार बना दी। मनीषा ने 87वें मिनट में और जाबमनी ने 88वें मिनट में गोल किये। भारत अपना अगला मैच गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा।

लड़कियों द्वारा आदर्श माने जाने पर गर्व महसूस करती हैं कृति सेनन

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन का कहना है जब लड़कियां उन्हें सोशल मीडिया पर आदर्श मानती है तो वह गर्व महसूस करती हैं। कृति सेनन ने कहा, मैं उस वक्त बहुत गर्व महसूस करती हूं जब मैं लड़कियों को अपने बलबूते अपना नाम बनाने के लिए प्रेरित कर पाती हूं या जब वे मुझे देखकर कहती हैं कि वे भी मेरी तरह अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं ऐक्ट्रेस बनूंगी। मैं एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार से आती हूं। मेरी मॉम प्रोफेसर हैं, डैड सीए हैं। मैं खुद इंजिनियरिंग कर रही थी। अब जब मैंने बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड और गॉडफादर के अपना मुकाम बना लिया, तो कई लड़कियां मुझे सोशल मीडिया पर आदर्श मानकर मेरे नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं। इस बात पर मुझे बहुत गर्व होता है।

कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म 'पानीपत' को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म में कृति ने पार्वती बाई का किरदार निभाया है। कृति सेनन ने कहा ,मुझे लगता है कि इतिहास में कई महिला किरदार भी हैं, लेकिन हमें ज्यादा किरदारों के बारे में पता नहीं है। जैसे झांसी की रानी के बारे में हम सब जानते हैं, बच्चा-बच्चा जानता है कि खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। अब मैं पार्वती बाई का किरदार निभा रही हूं,लेकिन इससे पहले तो मुझे इसके बारे में जानकारी ही नहीं थी और इस फिल्म के बाद सभी जान जाएंगे। मुझे खुद काशी बाई, पद्मावती और मस्तानी के बारे में इतना पता नहीं था। मुझे विश्वास है कि ऐसे किरदार जरूर होंगे। अब जैसे हमारी फिल्म में जीनत मैम (जीनत अमान) सकीना बेगम का किरदार निभा रही हैं। यह भी अपने आप में बहुत ही अहम किरदार है, मेरे कहने का मतलब यह है कि कई महत्वपूर्ण महिला किरदार भी हैं इतिहास में। हमें उन्हें ढूंढकर परदे पर लाना है।

आज का राशिफल

मेषः- अनायास लाभ प्राप्ति की संभावना बन सकती है, इसलिए जोखिम लेने की केशिश की जा सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृषभः- नए कार्य की योजना बनेगी और वो सफल होगी। मनोनुकूल खर्च का वातावरण तैयार होगा, इसलिए खरीदारी करके सुख मिलेगा।

मिथुनः- दूर की यात्रा का अकस्मिक योग बन सकता है, जिससे खुशी मिलेगी। आपको अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

कर्कः- कार्यक्षेत्र में विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। लंबी यात्रा करना उचित नहीं है। कुछ सुधार होगा और आप राहत की सांस ले पाएंगे।

सिंहः- पारिवारिक सदस्यों से मतभेद बढ़ सकता है। धन व्यय और लाभ में कमी होने के कारण मानसिक अशांति होगी। दुर्घटना का योग है, वाहन सतर्क होकर चलाएं।

कन्याः- जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं। आपका विश्वास पात्र व्यक्ति ही आपके साथ विश्वास घात कर सकता है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

तुलाः- आपकी किसी लापरवाही या गलती की वजह से परिवार में अशांति बढ़ सकती है। बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। सामाजिक क्षेत्र मे जन संपर्क बनेंगे।

वृश्चिकः- आप भी स्वास्थ्य हानि व शारीरिक पीड़ा से ग्रस्त हो सकते हैं। ट्रासंफर का भी योग है। धन खर्च और मानसिक उद्वेग हो सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए अध्ययन की दृष्टि से यह दिन अच्छा रहेगा।

धनुः- व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोगों को सहजता से पर्याप्त आमदनी होती रहेगी। व्यापारिक मामलों के लिए छोटी यात्राएं भी करनी पड़ सकती हैं।

मकरः- नवीन कार्ययोजना में इच्छित लाभ होने की संभावना है। भवन या भूमि की खरीददारी के लिए समय अच्छा है। विरोधी पक्ष आपको परेशान कर सकता है।

कुंभः- आपकी परिस्थितियों में तेजी से बदलना शुरू होगा। मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है। किसी से अनायास झगडा विवाद संभव है।

मीनः- दूसरों के मामले में में ज्यादा दखल न दें अन्यथा मानहानि तथा अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सहयोगियों से सहायता प्राप्त होगी।

गुड न्यूज से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेगी अंजना सुखानी, 2 साल का लिया था ब्रेक

निखिल आडवाणी की मल्टीस्टारर फिल्म सलाम-ए-इश्क के बाद रोहित शेट्टी की गोलमाल रिटर्न में दिखाई दीं ऐक्ट्रेस अंजना सुखानी लगभग फिल्म इंडस्ट्री से गायब हो गई। पिछली बार वह साल 2017 में आई सुनील ग्रोवर की फिल्म कॉफी विद डी दिखाई दी थीं। अब अंजना ने यह स्वीकार किया है कि वह निजी कारणों से फिल्मों से दूर हो गई थीं।

लगभग 2 साल पहले अंजना की मौसी की कैंसर से मौत हो गई। इसके बाद उनकी नानी की भी मौत हो गई जिसके कारण वह अपने काम पर फोकस नहीं कर पा रही थीं। अंजना ने कहा, मेरी मौसी की शादी नहीं हुई थी, इसलिए मैं उनके साथ हमेशा हॉस्पिटल में रही। उनका कष्ट देखकर मेरे अंदर बहुत बदलाव आया।

अंजना को पता नहीं चला कि वह कब डिप्रेशन में चली गईं। उन्होंने कहा, मैंने अपने भाई से कहा कि कुछ दिन में खोई हुई रहती हूं और किसी से फोन पर बात नहीं कर सकती जबकि दूसरे दिन में नॉर्मल रहती थी। तब मेरे भाई ने मुझे सलाह दी कि मुझे सायकॉलजिस्ट की मदद लेनी चाहिए। इसके बाद अंजना का 4 महीने तक लगातार इलाज और काउंसलिंग चलते रहे।

अजंना ने बताया कि उनके इलाज में म्यूजिक ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सेमी-क्लासिकल सिंगिंग सीखनी भी शुरू की थी। अब अंजना ने अपना पहला गाना भी रिकॉर्ड कर लिया है। यह रोमांटिक पार्टी ट्रैक कुछ महीने में रिलीज किया जाएगा।

अपने बेटे आर्यमन के बॉलिवुड एंट्री पर बोले बॉबी देओल

सनी देओल के बेटे करण देओल की बॉलिवुड डेब्यू के बाद अब सबकी नजरें बॉबी देओल के बेटे आर्यमन की तरफ हैं। करण ने जहां हाल ही में पल पल दिल के पास फिल्म से बॉलिवुड में एंट्री मारी, वहीं बॉबी आर्यमन को लॉन्च करने की जल्दी में नहीं हैं।

बॉबी से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आर्यमन को अपने पसंद के करियर को चुनने की छूट है। हालांकि, बॉबी देओल ने यह भी कहा कि उन्हें यकीन है कि उनका बेटा ऐक्टर ही बनना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्यमन अभी 18 साल का ही और वह जो चाहे वह कर सकता है।

इस बारे में और बातें करते हुए बॉबी ने कहा कि आर्यमन फिलहाल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है और फिलहाल पढ़ाई में डूबा है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि उनका बेटा यह तय करने में खुद ही सक्षम हो कि उसे आगे क्या करना है।

चिली पोटैटो बनाने की विधि...

सामग्री

चार मीडियम साइज आलू, एक चम्मच सोया सॉस, एक बड़ा चम्मच रेड चिली सॉस, नमक, कैचअप, तेल आलू तलने के लिए, हरी मिर्च, लहसुन, प्याज, शिमला मिर्च, चीनी, तिल, आधा कप पानी, कार्नस्टार्च, चावल का आटा

विधि-

सबसे पहले आलू को लंबा काटकर फ्रेंज फ्राइस के आकार में काट लें। इसके बाद एक कड़ाही में कटे हुए आलू डालकर उसमें नमक व पानी डालकर तेज आंच पर एक उबाल आने दें। इसके बाद गैस फ्लेम मीडियम करके उसे पांच तक उबालें। पांच मिनट बाद आलू को छानें। अब आलू को एक बाउल में डालकर एक बड़ा चम्मच मैदा व एक बड़ा चम्मच चावल का आटा डालकर हाथों की मदद से अच्छी तरह मिक्स करें। अब एक दूसरा बाउल लेकर उसमें चार बड़े चम्मच मैदा व चार बड़े चम्मच चावल का आटा व नमक डालकर मिक्स करें। अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर एक गाढ़ा बैटर तैयार करें। अब इसमें तैयार आलू डालकर हाथों की मदद से मिक्स करें।

अब इसे पकाने के लिए तेल डालकर गर्म करें। जब यह गर्म हो जाए तो मीडियम फ्लेम पर आलूओं को फ्राई करें। इसके बाद इन्हें प्लेट में निकालें। अब दूसरे पैन में तिल डालकर रोस्ट करें। अब एक कड़ाही डालकर गर्म करें। इसके बाद इसमें तेल डालें और उसमें कटी हुई हरी मिर्च, लहसुन, व तिल डालकर चलाएं। अब इसमें प्याज, शिमला मिर्च डालकर दोबारा मिक्स करें। अब इसमें नमक, थोड़ी सी चीनी, एक चम्मच सोया सॉस, रेड चिली सॉस व कैचअप डालकर मिक्स करें। अब इसमें आधा कप पानी डालकर पकाएं। अब एक चम्मच कॉर्नस्टार्च में थोड़ा सा पानी डालकर मिक्स करें। अब इस मिश्रण को कड़ाही में डालें और चलाते रहें। अब गैस बंद करके इसमें हरा प्याज डालें। साथ ही इसमें थोड़ा सा शहद भी डाला जा सकता है। यह पूरी तरह ऑप्शनल है। आप अपने स्वाद के अनुसार इसका प्रयोग करें या न करें। अब तैयार मिश्रण में आलू डालकर मिक्स करें। आपका चटाकेदार व क्रिस्पी चिली पोटैटो तैयार है। बस इसे प्लेट में निकालें और मजे लेकर खाएं...

शब्द सामर्थ्य- 63

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल

दि	क	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

सू-दोकू- 63

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.62 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6